# जनकल्याण सरकार और शासन की जिम्मेदारी : प्रहलाद

## प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों को बताईं सरकार की उपलब्धियां



**नवभारत न्यूज**


**रीवा 13 दिसम्बर. सरकार के दो वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में ईको पार्क में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल मंत्री ग्रामीण विकास एवं श्रम ने सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी।**

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार ने कई सराहनीय कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री जी की पहल से विकास के कार्यों में तेजी आई है। जनकल्याण सरकार और शासन की जिम्मेदारी है। इसका हम बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। सरकार की उपलब्धियों को मीडिया के माध्यम से आमजनता तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होने के नाते मीडिया जनता और सरकार के बीच संवाद की महत्वपूर्ण कड़ी है। सतत संवाद से जनरहित के कार्य बेहतर होते हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि रीवा में दो वर्षों में विकास के कार्य तेजी से हुए हैं। नशे के विरूद्ध अभियान में पुलिस ने कई बड़ी कार्यवाहियाँ करके अच्छी सफलता प्राप्त की है। उत्तरप्रदेश सरकार भी नशे के विरूद्ध अभियान में हमारा पूरा सहयोग कर रही है। नशे के शिकार व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए हमें प्रयास करने होंगे। रीवा में सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल और संजय गांधी हास्पिटल से बड़ी संख्या में गंभीर रोगियों का उपचार हो रहा है। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में दो हजार से अधिक जटिल आपरेशन हो चुके हैं। प्रदेश में पहले इंदौर जैसे बड़े शहरों में ही इन्वेस्टर्स मीट होती थी। रीवा में गत वर्ष 23 अक्टूबर को इन्वेस्टर्स मीट का सफल आयोजन हुआ जिसमें 31 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इस वर्ष जुलाई में आयोजित रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में दो हजार करोड़ रुपए के टूरिज्म उद्योग के प्रस्तावों के समझौता पत्रक पर हस्ताक्षर किए गए। रीवा से इस वर्ष रीवा एयरपोर्ट का विकास पूरा होकर रीवा से दिल्ली के लिए एटीआर.72 हवाई सेवा का शुभारंभ हुआ। शीघ्र ही इंदौर के लिए भी एटीआर.72 हवाई सेवा शुरू हो रही है। बेला.सिलपरा रिंग रोड निर्माणए रीवा बायपास निर्माण तथा 12 सांदीपनि स्कूलों के भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो रहा है। पत्रकार वार्ता में प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाए मनरेगा योजनाए खेती के विकास के साथ.साथ खाद्य प्रसंस्करणए उद्योगों की स्थापनाए प्रदेश से नक्सलवाद के सफाये की जानकारी दी। नक्सलवाद के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में प्रभारी मंत्री ने कहा कि जो लोकतंत्र को चुनौती देगा और समानांतर सरकार चलाने का प्रयास करेगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री जी ने जो समय सीमा तय की है उसमें प्रदेश से नक्सलवाद का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति

पत्रकार वार्ता में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, डॉ अजय सिंह, प्रज्ञा त्रिपाठी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, आयुक्त नगर निगम सौरभ सोनवणे, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# केखे लग्घे बइठी अउर केसे बतइ




81 डॉ. संजय पयासी

उमिर मा यहू मेर का होत हय, जब मनई का लगय लगत हय केखे लग्घे बइठी अउर केसे बतइ कै नयुमत आय जात ही.मनई यहया सोचत पूर दिन काट देत हय की जेखे नेरे जाय का मन बनाइस हय ओखे लग्घा जाय मा कहू नीक से कुछु नागा न होइ जाय. इया मेर कै सोच कुछु दिनन मा सोचय वाले का यता निनार कै देती ही फेर वा चाहूं कै केहू से जुड़ी नाही पावय.हमी लगत हय की इया मेर कै सोच उमिर बढ़य कै साथ अधिकय पनपत ही.एहि से बुढापे मा लोग घर परिवार होय कै बादव निनार कस रहय लगत हय. केयु उनके नेरे जाबो करय ता उनखे साथ अइसन ब्यौहार करिहै की वा ना चहतो कुछु देरी उनखे लग्घे से चला जाब नीक मान लेत हय. अइसन कहे होय लगत हय इया ता हमी समझ नाही परय. यता जरूर समझ आवत हय की बढी उमिर मा लोग केहू से कुछु बतावा नाही चाहय.बड़ा परिवार होय ता इया समिसया अउर बढ जाय करती ही.इया हम निकहे से जानित हेयन की विन्ध्य मा महतारी बिटिया से सब दिन पुतउ से अधिकय लगाव रखता ही. इया उनखे ना रही गए ननद-भौजाई कै बीच मनभेद का कारण बनत ही.अपना पाच्य सोचत होब की हम मतभेद कहे नाही लिखे हेयन. इया मान लेइ मनसेरुआ कै देखमय मा हेलमेल पहिले कस रही,पर भीतर-भीतर भौजाई सब दिनन यहया ताड मा लगी रहत ही की कउन खुआ मिल जाय की भाई से बहिनी का दूरी कई दीन जाय. हमार अनुभव इया कहत हय की बाप -महतारी कै ना रहे के बाद बिटिया का नाता औसरे-बियाह तक सीमित रही जात हय. बिटियों इया मानय लगत ही अब ओखर माइके मा पहिले कस अधिकार नाही रहा.

एहि से हमार सायनन का इया सुझाव हय की घर कै लड़का-बच्चन कै मन मा इया मेर कै भाव ना आमय देई. जे अपना कै नेरे होय वोहि अपन समझी अउर वोसे वा सब कही बतइ जउन कहा चाहित हेयन.

# सलाहकार समिति से जिले के विकास को मिलेगी नई दिशा : राधा

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में मैहर की जिला विकास एवं सलाहकार समिति की पहली बैठक



**नवभारत न्यूज**

**मैहर 13 दिसम्बर. प्रदेश की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में जिला विकास एवं सलाहकार समिति की पहली बैठक आयोजित की गई।**

प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि सभी जिलों में मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में जिला विकास एवं सलाहकार समिति का गठन किया गया है। जिला विकास एवं सलाहकार समिति की सहभागिता से नवगठित मैहर जिले के विकास को नई दिशा मिलेगी। समिति जिले के विकास के लिए दीर्घकालीन योजना तैयार करने के साथ समस्याओं को हल करने पर भी विचार मंथन करेगी। प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि आज सरकार के दो वर्ष पूर्ण हुए हैं। प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने जिला विकास एवं सलाहकार समिति की बैठक में समिति के कार्य क्षेत्र और पिछले दो सालों में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में हासिल की गई उपलब्धियों तथा मैहर जिले में दो वर्षों में प्राप्त उल्लेखनीय उपलब्धियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सांसद गणेश सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित गौ-वंश पशुओं के लिए गांवों में समिति बनाकर पशुओं के बाडे का संचालन करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि बरगी नहर की स्लीमनाबाद स्थित टनल की खुदाई का कार्य जनवरी 2026 तक पूर्ण हो जाने की उम्मीद है। जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने ने कहा कि मैहर जिले में अभी एक महीने में चौथे गुरूवार को विकलांग प्रमाण पत्र के लिए मेडीकल बोर्ड बैठता है। मेडीकल बोर्ड की एक माह में कम से कम दो बार मैहर जिला चिकित्सालय में उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सीएमएचओ को निर्देशित किया कि सतना जिले से मेडीकल बोर्ड की टीम और संबंधित चिकित्सक एक महीने में दो बार दूसरे और चौथे गुरूवार को मैहर में अपनी उपस्थिति देवें। जिला विकास एवं सलाहकार समिति की बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर प्रभारी मंत्री ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके विभाग प्रमुख को लेख करने के निर्देश दिये।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर सांसद गणेश सिंह, विधायक डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह, श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोनी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल, संतोष सोनी, कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, अपर कलेक्टर संजना जैन, एसडीएम दिव्या पटेल सहित विभाग प्रमुख अधिकारी और नवगठित जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री ने दी मैहर जिले की उपलब्धियों की जानकारी

**मैहर 13 दिसम्बर.** प्रदेश की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने शनिवार को सर्किट हाउस मैहर में आयोजित पत्रकार वार्ता में राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे करने पर राज्य स्तरीय और मैहर जिले की दो वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी दी।

# बाइक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 दिसम्बर । चितरंगी थाना क्षेत्र के ओड़ांगी विद्यालय के समीप सड़क मार्ग में एक बाईक सवार युवक की बीती मध्य रात सड़क हादसे में मौत हो गई।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोतीलाल सिंह पिता मुंशीलाल सिंह बीती रात मोटरसाइकिल से कहीं गया था, वापस रात में करीब 11 बजे घर की ओर आ रहा था कि ओड़ांगी शासकीय विद्यालय के समीप सड़क के किनारे बेकाबू मोटरसाइकिल सड़क हादसे का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।



# युवक की संदिग्ध हालत में मौत, जांच में जुटी पुलिस

## पिपरा झांपी गांव का मामला

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 दिसम्बर । पुलिस चौकी क्षेत्र खुटार के पिपरा झांपी गांव निवासी एक 32 वर्षीय युवक की आज दिन शनिवार की सुबह शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी शीतला यादव हमराह के साथ मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। जबकि मृतक के शरीर में बाहरी तौर पर कहीं भी चोट के निशान नही हैं।**

चौकी प्रभारी शीतला यादव के अनुसार आज सुबह सूचना मिली कि पिपरा झांपी निवासी अम्ब्रेश शर्मा पिता शंकर प्रसाद शर्मा उम्र 32 वर्ष का शव गांव में ही मिलने की सूचना मिली। जहां मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

प्रथम दृष्टया में मृतक के शरीर में कहीं भी चोट के निशान नही मिले हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। इधर मृतक के परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। चौकी प्रभारी ने आगे कहा कि सभी बिन्दुओं एवं पहलुओं के आधार जांच की जा रही है।

# लोक अदालत में बिजली विभाग के खिलाफ फूटा गुस्सा

## मनमाने बिल और वसूली के आरोपों पर हुआ जमकर हंगामा



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 दिसम्बर । नेशनल लोक अदालत के दौरान आज दिन शनिवार को जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित सामुदायिक भवन में बिजली विभाग के खिलाफ उपभोक्ताओं का आक्रोश खुलकर सामने आया। लोक अदालत में पहुंचे बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर मनमानी तरीके से बिजली बिल भेजने और फिर लोक अदालत में निराकरण के नाम पर दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगाए। स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब आम उपभोक्ताओं और विभागीय अमले के बीच घंटों तक तू तू-मैं मैं चलती रही।**

बैढ़न जोन से पहुंचे उपभोक्ताओं का कहना था कि उनके घरों में सीमित बिजली उपयोग के बावजूद भारी-भरकम बिल थमा दिए जा रहे हैं। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि मीटर रीडिंग में गड़बड़ी की जा रही है, वहीं कुछ मामलों में पुराने बकाया जोड़कर नए बिल जारी किए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं का यह भी कहना था कि जब वे बिजली कार्यालय में शिकायत करते हैं तो उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं मिलता और अंततः लोक अदालत में आने की सलाह दी जाती है। लोक अदालत परिसर में मौजूद उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि विभाग जानबूझकर पहले विवादित बिल जारी करता है और फिर लोक अदालत के मंच पर समझौते के नाम पर उपभोक्ताओं से राशि वसूलने का प्रयास करता है। कई उपभोक्ताओं ने इसे आम जनता के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बढ़े हुए बिल चुकाना बेहद कठिन हो गया है। यहां बताते चले कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज दिन शनिवार को जिला मुख्यालय बैढ़न के सामुदायिक भवन में किया गया, जहां कुल 20 खंडपीठों का गठन किया गया था। इन खंडपीठों के माध्यम से बिजली, पानी, बैंक, बीमा, पारिवारिक विवाद सहित विभिन्न मामलों के त्वरित निराकरण का प्रयास किया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर लोक अदालत पहुंचे।

### उपभोक्ताओं में दिखा भारी आक्रोश

नेशनल लोक अदालत के दौरान बिजली बिल को लेकर विवाद के दौरान कुछ उपभोक्ता काफी आक्रोशित नजर आए और उन्होंने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर मनमानी वसूली, धमकी और कनेक्शन काटने की चेतावनी देने जैसे आरोप भी लगाए। वहीं विभागीय अधिकारियों ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि बिल मीटर रीडिंग और नियमानुसार ही बनाए जाते हैं।


**Solapur Municipal Corporation, Solapur**
Indrabhuwan, Ambedkar Chowk, Railway Line, Solapur, Maharashtra-413001

**EARLY MARKET ENGAGEMENT NOTICE**

The Administrator and Municipal Commissioner, Solapur Municipal Corporation, Solapur, Maharashtra 413001, invites bidders for Early Market Engagement for Improvement in Solapur water supply distribution, water treatment and service Improvement project under world bank funding.

The objective of this Early Market Engagement is to inform potential suppliers, contractors, technology providers, and sector specialists about the upcoming Water Supply Project for Solapur City and to seek market insights that will support finalization of the project design, innovation, packaging strategy, procurement approach, and risk allocation. This engagement aligns with World Bank Procurement Regulations (Goods, Works, Non- Consulting Services & Consulting Services) and aims to promote competition, transparency, and improved value for money.

**Date: 15th December 2025**
**Time: 11:00 AM**
**Mode of Meeting: Hybrid**
**Offline meeting Venue:**
Commissioner Office, Solapur Municipal Corporation, Indrabhuwan, Ambedkar Chowk, Railway Line, Solapur, Maharashtra - 413001,
**Online VIC link**
https://us02web.zoom.us/j/88573451467?pwd=PJAg8WrXeSthyuySv72r2LCwus2/4u.1
**Meeting ID:** 885 7345 1467
**Passcode:** 401613

sd/-
**Administrator & Commissioner**
**Solapur Municipal Corporation, Solapur.**


# एसआईआर द्वितीय संशोधित कार्यक्रम पर राजनैतिक दलों से समन्वय बैठक



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 13 दिसम्बर .भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के द्वितीय संशोधित कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में संभागीय रोल प्रेक्षक एवं रीवा संभाग के कमिश्नर बी एस जामोद, विधायक सीधी रीती पाठक, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। संभागीय रोल प्रेक्षक एवं कमिश्नर श्री जामोद ने कहा कि शुद्ध, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत नींव होती है। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह से मतदाता सूची की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में राजनैतिक दलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी मान्यता प्राप्त दल अपने बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के माध्यम से इस प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

विधायक सीधी श्रीमती पाठक ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के इस महत्वपूर्ण कार्य में राजनैतिक दलों की ओर से पूर्ण सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमवंशी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को सफल बनाने में राजनैतिक दलों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बीपी पाण्डेय द्वारा पीपीटी के माध्यम से एसआईआर के द्वितीय संशोधित कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अब 18 दिसंबर 2025 तक गणना पत्रक को प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी। 23 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा।

बैठक में राजनैतिक दलों की ओर से कांग्रेस से अखंड प्रताप सिंह तथा भाजपा से अमित प्रधान, कृष्ण लाल पयासी एवं पुष्पराज सिंह चौहान उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उपखंड अधिकारी कुसमी विकास आनंद, सिहावल प्रिया पाठक, गोपद बनास राकेश शुक्ला, मझौली आर. पी. त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


**प्लाट एवं मकान बिकाऊ है**

MIG 165 भरहुत नगर सतना (मकान) एवं निशांत कालोनी सतना, दोनों साइड रोड, प्लाट साइज 60x100 शीघ्र बेचना है . संपर्क करें .

संपर्क - मो.नं.:-7566516111



**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (.प्र.म) - 462011
Ph.:0755-2573444,FAX: 0755-2573418, E-mail:- gmmp.fci@gov.in

क्र. एसएंडसी/13/एचटीसी/एनआईटी/2025/33 दिनांकः 14.12.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्य प्रदेश क्षेत्र में विभिन्न नियमित हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है । किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा

महाप्रबंधक (क्षेत्र)



**डॉ. अभिषेक मिश्रा**
BDS. MDS, FRS
● ओरल मैक्सिलोफेसियल प्लास्टिक सर्जन
● फैलोशिप इन राइनोप्लास्टी
● गंभीर रूप से टूटे हुए जबड़े की हड्डी के विशेषज्ञ
समयः सुबह 10 से शायं 07 बजे तक
12000 से ज्यादा जबड़े की सर्जरी का अनुभव
मंगलवार-शनिवार सुबह 10 से 2 बजे तक
बिरला हॉस्पिटल, सतना
पताः **ओरामैक्स दंत चिकित्सालय**
चर्च के सामने, डॉ. दीपक अग्रवाल के बगल में बोदा बाग रोड, रीवा
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
मो. 8109642865



LIFE LINE MULTI SPECIALITY HOSPITAL
लाईफ लाईन हॉस्पिटल की डायरेक्टर एवं डॉ. गंगा वैश्य की धर्मपत्नी
**डॉ. दीपिता बैस**
दिनांक 15 दिसम्बर 2025 से लाईफ लाईन हॉस्पिटल में परामर्श देंगी।
पंजीयन शुल्क- मात्र 200/-
महिलाओं से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचें
अब किसी माँ की गोद सूनी नही रहेगी
अब हर माँ की गोद में गूंजेगी किलकारी
- मासिक (पीरियड) से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान
- बच्चेदानी में दर्द, बच्चेदानी की गठान
- PCOD की समस्या
- श्वेत प्रदर (सफेद पानी की समस्या)
- प्रेग्नेंसी (डिलिवरी) से जुड़ी समस्या
- बार बार गर्भपात होना
- शादी के कई वर्ष बाद भी संतान सुख ना होना

उपलब्ध सुविधायें
1. फ्री एंबुलेंस सेवा (सिर्फ डीजल पे) पूरे भारत मे कही भी ले जा सकेंगे टोटल 5 एंबुलेंस (सुरुवात 1 एंबुलेंस से)
2. सबसे सस्ता X Ray (पूरे शरीर के किसी भी पार्ट का मात्र 150/- मे
3. पहली बार गर्भवती महिलाओं का नि:शुल्क अल्ट्रासाउंड जाँच (free ultrasonography)
4. सामान्य अल्ट्रासाउंड केवल 500/- मे
5. आयुष्मान न होने पर भी गरीबो के लिए 30 बेड सुरक्षित (सिर्फ दवाई का चार्ज लगेगा)
6. परामर्श शुल्क मात्र 200/-
7. सभी प्रकार के पैथॉलाजी जांच में 50% की छूट
8. सभी प्रकार के ऑपरेशन सबसे सस्ते दर पे
9. नि: शुल्क 500 सीटर लाइब्रेरी (future plan)
10. नि:शुल्क 100 कमरे का आवासीय परिसर (गरीब बच्चो के लिए) (future plan)

पताः प्लाजा एवं रामलीला मैदान के पीछे, 1 जनवरी 2026 से अल्ट्रासाउंड एवं एक्स-रे की मिलेगी सुविधा।


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99